हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 17 नवंबर 2025

06 बनवासी धर्म संस्कृति की पूरी पहचान हो गये दुश्मन...



07 पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के पूर्व छात्रों का सम्मेलन आयोजित...





## समाचार संक्षेप

### ग्वालियर-भोपाल इंटरसिटी एक्सप्रेस में महिला का पर्स चोरी, 85 हजार का सामान गायब

**गुना।** जीआरपी थाना क्षेत्र में इंटरसिटी एक्सप्रेस से यात्रा कर रही एक महिला के पर्स से सोने-चांदी के गहने और नकदी चोरी होने का मामला सामने आया है। फरियादिया बंटी जैन, निवासी निजुर कॉलोनी गुना ने थाने में आवेदन देकर बताया कि गत दिवस वह ट्रेन क्रमांक 12198 ग्वालियर-भोपाल इंटरसिटी एक्सप्रेस के पीछे वाले जनरल कोच में अपनी बहनों के साथ गुना से अशोकनगर जा रही थीं। यात्रा के दौरान उन्होंने अपना काला पर्स सीट पर रखा हुआ था, जिसमें सफेद रंग का एक लेडीज पर्स अंदर रखा था। कुछ देर बाद उन्होंने देखा कि काले पर्स की जिप खुली हुई थी और अंदर रखा सफेद पर्स गायब था। पर्स चोरी होने का एहसास होते ही उन्होंने आसपास खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। महिला के अनुसार चोरी हुए पर्स में लगभग 20 ग्राम का सोने का मंगलसूत्र (कीमत करीब 30,000 रुपये), करीब 100 ग्राम की चांदी की पायल (कीमत लगभग 5,000 रुपये) और 50,000 रुपये नकद रखे थे। कुल मिलाकर 85,000 रुपये का सामान चोरी हुआ है। उन्होंने बताया कि यह मंगलसूत्र और पायल उनकी शादी के समय के हैं और लगभग 20 साल पुराने होने के कारण इनके बिल उनके पास नहीं हैं। फरियादी की रिपोर्ट पर जीआरपी गुना ने मामला दर्ज कर धारा 305(सी) क्चहस्र के तहत अपराध कायम किया है।

### कैंट थाना क्षेत्र में दो बाइक की आमने सामने भिड़ंत, 1 की मौत,1 भोपाल रेफर

**गुना।** शहर के कैंट थाना क्षेत्र में मुक्तिधाम के पास शनिवार देर शाम हुए भीषण सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार टक्कर में प्रमोद शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में घायल दूसरा युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया, जिसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां उसकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे भोपाल रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही कैंट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### एसआईआर: निर्वाचन आयोग की समीक्षा बैठक, कलेक्टर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में शामिल



**गुना।** भारत निर्वाचन आयोग की निदेशक शुभ्रा सक्सेना एवं सचिव विनोद कुमार ने सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. संजीव कुमार झा भी उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 की जिलेवार प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी किशोर कुमार कन्याल, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अखिलेश जैन, इलेक्शन सुपरवाइजर विजय माथुर वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित रहे।

### आरोन थाना पुलिस की त्वरित कार्रवाई दुष्कर्म के आरोपी को 15 घंटे में गिरफ्तार

**गुना।** जिले के आरोन थाना पुलिस ने युवति से दुष्कर्म के मामले में मात्र 15 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले की शुरुआत तब हुई जब 4-5 नवंबर 2025 की रात आरोन थाना क्षेत्र से 18 वर्षीय युवति लापता हो गई। परिजनों ने 5 नवंबर को थाने में सूचना देकर गुमशुदगी दर्ज कराई,



जिसके बाद पुलिस ने उसकी खोज शुरू की। पुलिस ने लगातार तलाश करते हुए 15 नवंबर को युवति को दस्तयाब कर लिया। दस्तयाबी के बाद युवती ने अपने बयान में बताया कि आरोन के पठार मोहल्ला निवासी अंकित कुशवाह ने उसे शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया और कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में वह विवाह करने से मुकर गया। पीड़िता के कथनों के आधार पर आरोपी के खिलाफ धारा 64(2)(एम) क्चहस्र के तहत अपराध दर्ज किया गया।

---

**सिसोदिया कॉलोनी रोड पैच वर्क का कार्य शुरू**

# सड़कों के गड्ढों से शहर के नागरिकों को जल्द मिलेगी निजात : नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के नागरिको की परेशानी को देखते 18 माह पूर्व सिसोदिया कालोनी से कोल्हूपूरा सड़क का डामरीकरण कार्य कराया गया था जो कि निमार्ण एजेन्सी के गारन्टी पीरियड में इस वर्ष अति वर्षा के कारण क्षतिग्रत होने से लगभग 5 वार्डो के नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

वर्षाकाल समाप्त होते ही नगरपालिका अध्यक्ष शसविता अरविदं गुप्ता के निर्देश पर उपयंत्री द्वारा ठेकेदार से उक्त सड़क पर पैच वर्क शुरु कर दिया गया। जिसका निरिक्षण करने रविवार की दोपहर नपाध्यक्ष सविता अरविन्द गुप्ता ने मौके पर पहुंच कर कार्य का निरीक्षण किया। पुख्ता मेन्टीनेस कर पैच वर्क कराने के निर्देश दिए। उक्त मार्ग आसपास के 5-6 वार्डो को आपस में जोड़ता है इसलिए इस मार्ग पर भी भारी यातायात रहता है अति वर्षा के कारण गड्ढे हो गए है। इस कारण अब संबधित निमार्ण ऐजेन्सी के माध्यम से रविवार से पैच वर्क का कार्य शुरु करा दिया गया है। ए.बी. रोड़ जो कि नानाखेड़ी मण्डी गेट से ओवर ब्रिज जज्जी तक की सड़क जिसे मेरे प्रयास

**एबी रोड पर भी एक माह के अंदर होगा पुख्ता मेंटेनेंस**



के बाद परिषद बैठक दिनांक 26-9-2025 को कांग्रेस के पार्षदों के साथ भाजपा के कुछ पार्षदों द्वारा उक्त सड़क का निर्माण कार्य पास नही होने दिया था। जिसके कारण मेरे शहरवासी काफी परेशानी का सामना कर रहे है। इस सड़क के गड्ढों से मेरे शहर वासियो को शीघ्र निजात मिलेगे मेने निर्देश जारी कर उक्त कार्य को 10 से 15 दिसम्बर तक पैच वर्क पूर्ण कर पूर्ण करने के निर्देश दिये है और पूर्ण किया जावेगा उसके वाद उक्त सड़क पर डामरीकरण कार्य भी कराकर अपने शहर-वासियो को परेशानी से निजात दिलाकर ही रहूंगी। चाहे कोई वितान कितने भी अड़गे लगा ले। इस मौके पर पूर्व पार्षद भाजपा के वरिष्ठ नेता अरविन्द गुप्ता ,भाजपा नेता राजेश साहू,उपयंत्री नितिन चंदेल सहित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि व वार्ड वासी उपस्थित रहे।

---

## सारे नियमों को ताक पर रखकर अपने कारोबार संचालित किए जा रहे

# गुनाह प्रतिष्ठान संचालकों का, सजा मिल रही है भोले-भाले ग्राहकों को

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

ऊंची इमारतों के मालिकों और धन्नासेठों द्वारा सारे नियमों को ताक पर रखकर अपने कारोबार संचालित किए जा रहे हैं। ग्लैमर का ऐसा तड़का लगाया जाता है कि उसके सामने ग्राहक बेवश नजर आ जाता है। शोरूम में खरीदारी करने तो पहुंच जाते हैं, लेकिन अपने दुपहिया और चार पहिया वाहन सड़क पर रख जाते हैं। हैरानी की बात यह है कि जिस गलती के लिए मॉल और प्रतिष्ठान संचालकों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए और दंडित किया जाना चाहिए, उसकी सजा बेचारे भोले-भाले ग्राहकों को मिल रही है। यहां न तो पार्किंग है और न ही नो पार्किंग के दिशा निर्देश। नतीजा यह है कि ग्राहक सड़क पर वाहन खड़ा करके खरीदारी करते हैं और आम नागरिक और रोड से गुजरने वाले वाहन चालक जाम की परेशानी से जूझ रहे हैं। यह संस्थान भीड़ वाले मार्ग पर हैं। यहां पहले से ही वाहनों की आवाजाही अधिक है और सड़क पर वाहनों की पार्किंग होने से काफी दिक्कत हो रही है।




फाइल फोटो

### तेलगानी चौराहा

यही नजारा पिछले कई महीनो से तेलगानी चौराहा के पास विशाल मार्ट के आगे भी है। यहां एक ही बिल्डिंग में भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा और माल संचालित होता है। गुना शहर के बीच से निकले पुराने एबी रोड पर तेजी से बड़े व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स बन रहे हैं। यह स्वाभाविक है कि यह कांपलेक्स आम लोगों के नहीं है, बल्कि शहर के धनाढ्य और नेताओं के करीबियों के हैं। इसलिए इनके द्वारा नियमों की अनदेखी की जा रही है। अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी।

### सड़क सुरक्षा समिति चाय नाश्ता तक सीमित

सड़क सुरक्षा समिति चिंता जताती है, लेकिन करती कुछ नही है सड़क सुरक्षा समिति ट्रैफिक व्यवस्था और बेहतर यातायात के लिए है। उसकी समय समय पर मीटिंग भी होती हैं। वह भी लंबे समय से नहीं हुई। यह मीटिंग केवल अधिकारी और जनप्रतिनिधियों को चाय नाश्ता करने तक सीमित रहती हैं। इस समिति की बैठकों में यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए चिंता तो खूब जाहिर की जाती है, लेकिन इसके बाद अमलीजामा नहीं पहचाना जाता है। यातायात को लेकर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती है। हद तो यह है कि कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में मीटिंग होने के बावजूद भी उनके विभाग सख्ती करते नहीं दिखते। वे भी रसूख के आगे बेबस नजर आ रहे हैं।



### इनका कहना है

जनहित को सर्वोपरि रखते हुए हम नियम विरुद्ध संचालित संस्थानों को नोटिस देंगे और फिर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**-सविता अरविंद गुप्ता,** अध्यक्ष नगरपालिका, गुना

---

# ससुराल आए युवक की कुएं में मिली लाश

**दो दिन से था गायब युवक**

**भाई ने लगाए हत्या के आरोप उसके मुताबिक शरीर पर चोट के निशान**



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना


बजरंगगढ़ में अपनी ससुराल आए एक युवक की कुएं में लाश मिलने से सनसनी फेल गई। ससुराल आने के बाद वह दो दिन से गायब था, इस बीच सुबह बजरंगगढ़ मरघट शाला के पास नदी किनारे कुएं में उसकी लाश मिली है। मामले में मृतक के बड़े भाई ने हत्या के आरोप लगाए हैं, उसके मुताबिक शरीर पर चोट के निशान हैं और हत्या करने के बाद उसे कुएं में फेंका गया है।

फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंपकर मामले की जांच शुरू कर दी है।मिली जानकारी के देवेंद्र सिंह निवासी पहाड़ा थाना शाढ़ौरा, जिला अशोकनगर का रहने वाला था। बजरंगगढ़ में उसकी ससुराल है और एक बेटी भी है। वह दोतीन दिन पहले अपनी ससुराल आया था और उसी दिन रात से गायब था। मामले में उसके परिजनों द्वारा बजरंगगढ़ थाना में गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। इस बीच सुबह बजरंगगढ़ मरघट शाला के पास नदी किनारे कुएं में उसकी लाश मिली है। मृतक देवेन्द्र सिंह के बड़े भाई बुंदेल सिंह ने बताया कि वह मोटरसाइकिल से अपनी ससुराल बजरंगगढ़ उसकी पत्नी को लेने आया था। बहु ने ही उसे फोन लगाकर बुलाया था। इस बीच जब 14 तारीख को यहां आने का काम पड़ा और मोटरसाइकिल की जरूरत लगी तो उसकी पत्नी ने दूसरे दिन बताया कि वह मोटरसाइकिल रखकर रात से गायब है। इसके बाद हम पहुंचे तो ससुराल वालों ने ठीक से जबाब नहींदिया।

हमने बजरंगगढ़ थाने में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई और जंगलों में छीपोन तक उसकी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। इसके बाद सुबह कुएं में उसकी लाश मिलने की जानकारी मिली तो हम मौके पर पहुंचे और पुलिस के साथ कुएं से लाश बाहर निकालकर पीएम के लिए लेकर आए। बुंदेल सिंह ने आरोप लगाया कि उसकी हत्या कर उसे कुएं में फेंका गया है। उसने आरोप लगाया कि ससुराल वाले पहले भी उसके साथ मारपीट कर चुके हैं। उसकी पत्नी अक्सर मायके में रहती थी। पुलिस निष्पक्ष जांच कर दोषियों को सजा दे। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

---

# विद्युत मंडल कार्यालय में चोरी सीसीटीवी का डीवीआर और पावर सप्लायर ले गए चोर





हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

नगर के टोडी रोड स्थित विद्युत मंडल कार्यालय बीनागंज में बीती रात अज्ञात चोरों ने कार्यालय के गेट का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। चोरों ने भीतर रखी एक अलमारी की कुंडी भी तोड़ दी और जे ई के ऑफिस में रखा सीसीटीवी सिस्टम का डीवीआर तथा पावर सप्लायर चुराकर ले गए। विधुत मंडल के जे.ई. ने जानकारी देते हुए बताया कि चोरी हुए डीवीआर और पावर सप्लायर की कीमत लगभग दस हजार रुपये अनुमानित की गई है।

साथ ही उन्होंने बताया कि कार्यालय का बाकी सिस्टम पूरी तरह सुरक्षित है और किसी अन्य दस्तावेज या उपकरण को नुकसान नहीं पहुंचाया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही जे.ई. ने चौकी बीनागंज में सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस अज्ञात चोरों की तलाश में जुटी है।

---

# दिग्विजय बोले: छोटे बांध बनें, ज़मीन बचे-ज्यादा किसान लाभान्वित होंगे

### कालीसिंध चंबल पार्वती लिंक में बड़े बांधों का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने रविवार को कुंभराज क्षेत्र के घाटाखेड़ी गांव में पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो लिंक परियोजना की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में वह अपने साथ कई विशेषज्ञ इंजीनियरों को लेकर पहुंचे थे। समीक्षा के दौरान, दिग्विजय सिंह ने घाटाखेड़ी में प्रस्तावित बड़े बांध को गैर-जरूरी बताया और इसके विकल्प के तौर पर 3-4 छोटे बांध बनाने का सुझाव दिया। दिग्विजय सिंह के साथ आए विशेषज्ञ इंजीनियरों ने भी यह मत व्यक्त किया कि क्षेत्र में इतने बड़े बांध की आवश्यकता नहीं है। घाटाखेड़ी और आसपास के ग्रामीणों ने भी दिग्विजय सिंह से चर्चा की और बड़े बांध बनने से होने वाली अपनी संभावित समस्याओं को सामने रखा।



उन्होंने विशेषज्ञों से भी सवाल-जवाब किए।किसानों से चर्चा करते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा कि पहले बांध बनाते समय यह ध्यान रखा जाता था कि सिंचित जमीन कम से कम अधिग्रहीत हो, साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों को लागू करने का प्रयास किया जाता था। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि पार्वती नदी पर नरसिंहगढ़ के पास बने बांध में ज्यादातर वन भूमि अधिग्रहीत हुई, लेकिन सुठालिया बांध में अधिकांश किसानों की जमीन डूब क्षेत्र में चली गई।

दिग्विजय सिंह ने पार्वती नदी पर प्रस्तावित दीतलवाड़ा और घाटाखेड़ी बांधों पर अपनी राय स्पष्ट की। उन्होंने बताया कि दीतलवाड़ा में भी अत्यधिक लागत और ज्यादा जमीन डूब क्षेत्र में आने के कारण उन्होंने इसके पुनर्मूल्यांकन का प्रस्ताव दिया था। इसके बाद विभाग ने घाटाखेड़ी में बांध का प्रपोजल दे दिया।दोनों गांव में बड़े बांध किसानों की जमीन डुबो देंगे उन्होंने उन पर और जयवर्धन सिंह पर लग रहे राघौगढ़ की जमीन बचाने के लिए घाटाखेड़ी में बांध बनवाने के आरोपों को सिरे से खारिज किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह दीतलवाड़ा हो या घाटाखेड़ी, दोनों जगह बड़े बांध बनाने के खिलाफ हैं।

---

## अहिंसा और संयम की परंपरा का उत्सव पिच्छिका परिवर्तन समारोह भव्यता से संपन्न

# मुनिसंघ ने धारण की नई पिच्छिकाएं




हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर में चातुर्मासरत आचार्यश्री विद्यासागर महाराज एवं आचार्यश्री समय सागर महाराज के गृहस्थ जीवन के सगे भाई निर्यापक संत मुनिश्री योग सागर महाराज का ससंघ भव्य पिच्छिका परिवर्तन समारोह रविवार को गोशाला में संपन्न हुआ। इस मौके पर मुनिसंघ ने पुरानी पिच्छिकाओं को उन गृहस्थ श्रावकों को सौंप जिन्हें जीवन में नियम-संयम के व्रत लिए। वहीं मुनिसंघ ने अपनी नवीन पिच्छिकाएं धारण की। इसके पूर्व दोपहर 1 बजे से पार्श्वनाथ बड़ा जैन मंदिर से पिच्छिकाओं का जुलूस मुनिसंघ के सानिध्य में कार्यक्रम स्थल पहुंचा। यहां आचार्यश्री की पूजन उपरांत मुनिश्री निरोग सागर महाराज एवं बह्मचारी धीरज भैया के निर्देशन में पिच्छिका परिवर्तन कार्यक्रम आरंभ हुआ। इस अवसर पर ज्येष्ठ श्रेष्ठ निर्यापक मुनिश्री योगसागर महाराज की पुरानी पिच्छिका लेने का सौभाग्य शोभना राजीव जैन को प्राप्त हुआ। जबकि मुनिश्री निरोगसागर महाराज की पुरानी पिच्छिका मंजू शैलेन्द्र जैन मोरा सागर, मुनिश्री निर्मोहसागरजी महाराज की पुरानी पिच्छिका मधु शैलेन्द्र जैन सागर, मुनिश्री निरामयसागर महाराज की पुरानी पिच्छिका अर्चना सनमतकुमार जैन आरोन वाले एवं मुनिश्री निर्भीकसागर महाराज की पुरानी पिच्छिका लेने का सौभाग्य नीति विनोदकुमार जैन भोपाल को प्राप्त हुआ। वहीं ऐलकश्री सुधारसागर महाराज की पुरानी पिच्छिका स्वाति अमित जैन, ऐलकश्री चैत्य सागर महाराज की पुरानी पिच्छिका सुनीता विजयकुमार जैन कदवाया परिवार, ऐलकश्री अपारसागर महाराज की पुरानी पिच्छिका सुषमा अनिलकुमार जैन बरखेड़ा परिवार, ऐलकश्री तन्मयसागरजी महाराज की पुरानी पिच्छिका शिल्पी विवेककुमार जैन चौधरी मोहल्ला, ऐलकश्री आगतसागरजी महाराज की पुरानी पिच्छिका लेने का सौभाग्य अल्का संजीवकुमार जैन म्याना परिवार गुना को प्राप्त हुआ। इस वर्ष निर्यापक मुनिश्री योग सागरजी महाराज की नवीन पिच्छिका सम्मेद शिखरजी एवं अन्य मुनिराजों की पिच्छिकाएं अशोकनगर जिले से बनकर आई हैं। उल्लेखनीय है कि दिगंबर जैन मुनियों के लिए पिच्छिका अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण साधना का उपकरण माना जाता है। पिच्छिका मोरपंखों से बनी होती है, जिसे मुनि अपने साथ रखते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य अहिंसा के सिद्धांत का पालन करते हुए मार्ग में आने वाले सूक्ष्म जीवों को हटाकर उन्हें अनजाने में भी हानि पहुँचने से बचाना है।

दिगंबर मुनि पिच्छिका से बैठने, चलने या किसी स्थान पर ठहरने से पहले भूमि को हल्का स्पर्श करते हैं, ताकि वहां उपस्थित छोटे-छोटे जीव हट जाएं और उन पर पैर न पड़े। यह अहिंसा, करुणा और सभी जीवों के प्रति संवेदना का प्रतीक है। पिच्छिका मुनियों की साधना का प्रतीक भी मानी जाती है। यह उन्हें स्मरण कराती रहती है कि मुनि मार्ग अहिंसा, संयम, जागरूकता और आत्मशुद्धि का मार्ग है।

समाचार संक्षेप

## आरोन में राज्य स्तरीय कबड्डी टूर्नामेंट में चमके सोशल मीडिया स्टार, कपिल और धर्मेंद्र रघुवंशी



**आरोन।** पूर्व मंत्री एवं राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह के संरक्षण में युवा आदर्श एकता मंच समिति द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी टूर्नामेंट लगातार आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। समाजसेवी स्व. चौधरी गणेशराम रघुवंशी की स्मृति को समर्पित इस भव्य आयोजन में शनिवार को सोशल मीडिया के लोकप्रिय चेहरे कपिल रघुवंशी और धर्मेंद्र रघुवंशी विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे।दोनों सोशल मीडिया सितारों ने स्व. गणेशराम रघुवंशी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। धर्मेंद्र रघुवंशी का



संबोधनधर्मेंद्र रघुवंशी ने युवा आदर्श एकता मंच का आभार व्यक्त करते हुए कहा "आज सोशल मीडिया ने हम जैसे अनेक युवाओं को पहचान दिलाई है। प्रदेश हो या देश, हर जगह हमें आप सबका प्यार और सम्मान मिला है। इस आयोजन में आमंत्रित करने के लिए हम हृदय से धन्यवाद देते हैं।" कपिल रघुवंशी का उद्बोधनकपिल रघुवंशी ने मंच से अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा—"गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, सागर, आरोन, राधौगढ़—हर जिले से मुझे सोशल मीडिया पर अपार प्यार मिला है। आप सब मेरा परिवार हैं। इस मंच ने हमें बुलाया, इसके लिए पूरे दिल से धन्यवाद।"कार्यक्रम में सोशल मीडिया जगत के गौरव रघुवंशी गौरा, अमित चंदेल, अमन तिवारी, दिग्विजय रघुवंशी, विनोद वारमहू सहित कई यूट्यूबरों की उपस्थिति ने माहौल को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया। युवा आदर्श एकता मंच का उद्देश्यसमिति अध्यक्ष शिवा यादव ने कहा—"आप सब प्रदेश के उभरते सितारे हैं। हमारा लक्ष्य है कि क्षेत्र और प्रदेश के युवाओं को ऐसा मंच मिलता रहे जिससे वे प्रगति की नई राहें तय करें। आप सबकी उपस्थिति से हमारा आयोजन और ऊर्जावान बन गया है।" टूर्नामेंट के अपडेटअब तक 16 टीमें मैदान में उतर चुकी हैं, जिनमें से सेमीफाइनल तक पहुँचने वाली टीमें हैं—आरिफ ट्रेडर्स, आरोनएकलव्य एकेडमी, ब्यावरा माधौगढ़ क्लब, अशोकनगरसिहोरा क्लब आयोजन में सक्रिय सदस्यसमिति के सदस्य कमल ग्वाल, सचिन जैन, सोनू सिलावट, दिशांत यादव, श्रीराम माली, मिथुन धाकड़, मनोज गोस्वामी, रवि चौरसिया, हरिओम नामदेव, हैदर खान, अरवाज खान सहित अनेक कार्यकर्ता आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## विप्र उत्थान समिति ने व्यक्त की शोक संवेदना

**गुना।** विप्र उत्थान समिति गुना द्वारा नजूल कालोनी स्थित धर्मशाला में बैठक आयोजित कर श्री किशन चंद भार्गव बागेरी वाले जो गिरराज भार्गव के पिताजी एवं श्रीमती कलावती शर्मा जो रामजीलाल, देवेन्द्र, यदुनंदन शर्मा की माताजी थी का विगत दिनों आकस्मिक स्वर्ग वास होने से शोकसभा आयोजित कर मृतात्मा को अपने चरणों में स्थान प्रदान करने तथा परिजनों को इस संकट को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई।सभा में वीरेंद्र भार्गव, ओमप्रकाश शर्मा, पंडित मनोज शर्मा, उमाशंकर भार्गव , प्रभाकर भार्गव, रामजीवन भार्गव, अमित शर्मा, इन्द्र कुमार भार्गव, मनोज तिवारी, दुर्गेश भार्गव आदि उपस्थित रहे।

### बिरसा मुंडा जयंती पर हुई काव्य गोष्ठी संपन्न

# बनवासी धर्म संस्कृति की पूरी पहचान हो गये दुश्मन के लिए नुकीले तीर और कमान हो गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना



चेतना साहित्य एवं कला परिषद गुना द्वारा बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयंती पर सदर बाजार स्थित मुरलीधोकर मंदिर पर वरिष्ठ कवि विष्णु साथी की अध्यक्षता संतोष ब्रह्मभट्ट के मुख्य आतिथ्य तथा संजय खरे और शायर सलाउद्दीन शिकवा के विशिष्ट आतिथ्य में कवि गोष्ठी संपन्न हुई। कवि गोष्ठी का संचालन नगर के जाने-माने शायर प्रेम सिंह प्रेम ने किया।
सरस्वती वंदना का गायन श्रीमती संतोष ब्रह्मभट्ट ने किया। संचालन करते हुए प्रेम सिंह प्रेम ने कहा बनवासी धर्म संस्कृति की पूरी पहचान हो गये, दुश्मन के लिए नुकीले तीर और कमान हो गए। कुछ ऐसे काम किये देश के हित में,कि जन जन के दिलों में बसे भगवान हो गए। वरिष्ठ कवि विष्णु साथी ने दोस्ती के संबंध में अपने विचार यूं रखे इतनेबुरे तो दुनिया में दुश्मन नहीं होते,कुछ दोस्त, दुश्मनों से भी आगे निकल गए।उमाशंकर भार्गव ने कहा कि आदिवासी बिरसा मुंडा को मानते थे भगवान, क्योंकि उन्होंने कभी नहीं माना अंग्रेजों का फरमान।शायर संजय खरे ने कहा नही सोचा था ऐसा हो रहा है, दीवार में अब रास्ता हो रहा है।बढ़ गई है कीमतें ईमान की, आदमी अब सस्ता हो रहा हैश्रीमती संतोष ब्रह्मभट्ट ने कहा एकलव्य के मन वशी मूर्ति द्रोणाचार्य के नाम की। शबरी जैसी क्या होगी भक्त भला कोई राम की।रवि शर्मा बंजारा ने कहा फासला इतना भी न बढ़ाया जाये कि वक्त पड़े तो पास न आया जाये। जहां पहुंच कर गुरुर हो बुलंदी का,अपना कद इतना भी न उठाया जायेसूबेदार धर्मवीर सिंह ने रिश्तों के संबंध में अपने विचार यूं व्यक्त किए फूलों की सुंदरता देखी,महका महका प्यार कहां है।टूट रहें हैं रिश्ते नाते, घर अब परिवार कहां है। रामवीर शर्मा ने कहा कि बहुत चुग लिया दाना पानी चलने की तैयारी कर, मैनेजर का नोटिस निकला रैन बसेरा खाली कर । साक्षी ओझा ने कहा सरस्वती बन ज्ञान दिया मां तुमने ही जीवन संवारा है।शायर सलाउद्दीन शिकवा ने तूफान के संबंध में बताया कि आकर तूफान तो एक पल में गुजर जाता है इतने अर्से में मगर काम वो कर जाता है। श्रीमती माया ओझा ने कहा कि जब घर में ही एकता नही तो देश में एकता कैसे होगी। अभिनंदन मडवरिया, रमेश मंगल ने भी अपने अपने भाव व्यक्त किए। कवि गोष्ठी में निरंजन भाया कसेरा, पंडित देवेन्द्र उपाध्याय,आशी मंगल, भक्ति ओझा,रिया रावत, उमेश अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, आजाद कुमार जैन, जगदीश श्रीवास्तव, हरिओम श्रीवास्तव, रामकुमार शर्मा, नारायण लाल मैयर, गजेन्द्र सिंह चंदेल, दीपक शर्मा राजेंद्र ओझा आदि ने कवि गोष्ठी का लुत्फ उठाया आभार उमाशंकर भार्गव ने व्यक्त किया।

## बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर मनाया गया बाल दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा

माध्यमिक विद्यालय बड़ी मांगरोन में बाल दिवस के उपलक्ष में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया शिविर का शुभारंभ अतिथि बी एम ओ डॉ राजेश पुष्पक ने मां सरस्वती का पूजन कर किया गया इसके उपरांत अतिथि देवो की परंपरा का अनुसरण करते हुए विद्यालय की वरिष्ट शिक्षिका श्रीमती शोभना शाक्यवार और माध्यमिक शिक्षक भैरो सिंह शाक्यवार के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया स्वागत के क्रम में विद्यालय की छात्र अध्यापिका कु प्रियंका गुर्जर एवं विद्यालय की बाल कैबिनेट के द्वारा समस्त अतिथियों एवं गुरुजनों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तदोपरांत डॉ अमित जायसवाल ,डॉ ज्योति मीना के दल द्वारा सभी को शुभकामनाएं प्रदान की एवं उपस्थित 60 बच्चों का स्वास्थ परीक्षण किया गया। नेत्र सहायक डी के बास्त्री ने बच्चों की नेत्रों की जांच कर नेत्र स्वस्थ रखने के उपाय बताएं । बच्चों को संबोधित करते हुए एमटीएस प्रदीप सेन ने अपनी कविता पाठ में कहा कि₹ बचपन की मीठी यादों में खो जाऊं सोचता हूं फिर से एक बार बच्चा हो जाऊं₹ बीपीएम जितेंद्र सेन ने बच्चों को पुरुषार्थ करने के लिए प्रेरित किया ।बही बी सी एम हेमंत गौड़ ने विद्यालय परिवार और सभी छात्र-छात्राओं की भूरि भूरि प्रशंसा की ओर बच्चों को अग्रिम पंक्ति में बैठने के लिए प्रेरित किया।फार्मा शिष्ट रिंकू निगवाल, लैब टेक्नीशियन प्रशांत निगवाल द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। जन शिक्षक निरंजन सिंह मीणा द्वारा बच्चों को बाल दिवस पर अनुशासन का पाठ पढ़ाया,साथ ही चाचा नेहरू के जन्मदिन के उपलक्ष में सभी बच्चों ने केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया ( इस अवसर पर कंप्यूटर ऑपरेटर योगेश साहू एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती सरिता गुर्जर, उपाध्यक्ष श्री राम नारायण गुर्जर प्राथमिक विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक राज किशोर खरे, शुभम पारीक, उपस्थित रहे कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम का संचालन विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुश्री सविता जैन ने किया एवं आभार व्यक्त किया।

## अक्षत स्कूल पेंची में मनाया बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा

अक्षत पब्लिक स्कूल पेंची में बड़े ही धूमधाम से बाल दिवस मनाया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक प्रियंका पेंची रही। मुख्य अतिथि के आगमन पर सभी विद्यालय परिवार और छात्र छात्राओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया । तत्पश्चात अतिथियों द्वारा ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया।सभी मंचासीन अतिथियों का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत किया गया।स्वागत उपरांत अतिथियों ने नन्हे मुन्ने छात्रों द्वारा बनाए गए मॉडल और विज्ञान प्रदर्शनी को देखा और उनके बारे में जानकारी ली, साथ ही संस्था के छात्रों द्वारा लगाई गई दुकानों को भी देखा और उनसे समान खरीदकर उनका उत्साहवर्धन किया।मुख्य अतिथि प्रियंका पेंची ने संबोधित करते हुए बच्चों से पढ़ाई करने और प्रैक्टिकल करने पर ध्यान देने हेतु कहा साथ पढ़ाई के महत्व को समंझाया ओर आयोजन के लिए विधालय परिवार को बधाई दी।इसके पश्चात विधालय परिवार ने मुख्य अतिथि को स्म्रति चिन्ह भेंट किया।




## जैन साधिका मां स्वर्ण श्री का हुआ सल्लेखना पूर्वक समाधि मरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन



नगर के आचार्य श्री विद्यासागर साधिका आश्रम में विगत तीन वर्ष से साधनारत 10 प्रतिमाधारी श्रेष्ठ साधिका मां स्वर्णश्री (गृहस्थ जीवन का नाम सोना देवी जैन) जिन्होंने आरोन में चातुर्मास कर रहे जैन मुनि बीजाक्षर प्रणेता श्री दुर्लभसागर जी महाराज से सल्लेखना व्रत धारण किया था। एवं मुनि श्री दुर्लभ सागर जी व छुल्लक श्री निर्धूमसागर जी महाराज के सानिध्य में विगत समय से सल्लेखना साधना कर रही थीं। शनिवार रात्रि में उन्होंने देव शास्त्र गुरु का स्मरण एवं उत्कृष्ट भावों के साथ में समाधि मरण को प्राप्त किया।चातुर्मास कमेटी के प्रचार मंत्री सुनील झंडा ने जानकारी देते हुए बताया कि राजनांदगांव छत्तीसगढ़ निवासी घमसैया परिवार की सोना देवी जैन धर्म पत्नि एडवोकेट स्व.श्री निर्मलचंद जैन जोकि पूर्व में आर्यिका श्री आदर्शमति माताजी के संघ में रहकर साधनारत थी एवं बाद में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज द्वारा आरोन में साधिका आश्रम प्रारंभ कराने के बाद वह आरोन आ गई थीं एवं विगत तीन वर्ष से आरोन के साधिका आश्रम में अन्य साधिकाओं के साथ साधना कर रही थीं। रविवार को सुबह श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर की धर्मशाला साधिका आश्रम से उनकी अंतिम डोला यात्रा निकाली गई। यह अंतिम डोला यात्रा सदर बाजार, गुलाब गंज चौराहा, गुलाब गंज मैंन मार्केट सिरोंज रोड स्थित मुक्तिधाम पहुंचीं। इस डोला यात्रा में आरोन जैन समाज के सभी महिला पुरुष, ट्रस्ट कमेटी,चातुर्मास कमेटी,गौ शाला समिति,जैन मिलन, युवा जैन मिलन,पाठशाला परिवार,सभी मंडल, साधिका मां के गृहस्थ जीवन के परिवार जन शामिल हुए और सभी ने साधिका मां स्वर्ण श्री के उत्कृष्ट समाधि मरण सल्लेखना की मंगल अनुमोदना की।डोला यात्रा के आगे आगे साधर्मी जन समाधिस्थ जैन मुनि श्री क्षमा सागर जी महाराज द्वारा रचित भजन ₹सिद्ध नाम सत्य है अरिहंत नाम सत्य है₹ को गाते हुए चल रहे थे। इस अवसर पर स्थानीय जैन समाज के सभी सदस्यों के द्वारा दोपहर तक अपने अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान एवं दुकानें भी बंद रखीं गईं।

## सांसद प्रतिनिधि ने सड़क दुर्घटना में घायल पिता-पुत्र को अपने वाहन से अस्पताल पहुंचाया

**राजपुर।** स्थानीय सांसद प्रतिनिधि संजीव भारिल्ल ने एक मानवता का उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्हें जब जानकारी मिली कि बाईक सवार पिता पुत्र दुर्घटना में घायल हो गए हैं तो वह अपने दो पहिया वाहन में दोनो घायलों को जिला अस्पताल लेकर आए।

राजपुर भाजपा पार्टी की मीटिंग थी तभी किसी ने वताया कि पचुकया पर दो पहिया मोटरसाइकिल सवार निवासी वयानी वालों का एक्सीडेंट हो गया है तों तुरन्त बैठक कों छोड़ कर सभी कार्यकर्ताओं के साथ सांसद प्रतिनिधि संजीव भारिल्ल मौके पर पहुंच कर देखा तो दोनों घायल अवस्था में सड़क मार्ग पर पड़े थें उन्होंने वहा से उठा कर राजपुर सरकारी चिकित्सालय लेकर पहुंचे लेकर लेकिन राजपुर में सरकारी चिकित्सालय में कोई डाक्टर नही मिला कमरों पर ताले लटके मिलें। एक नर्स भागते हुए आई और उन्होंने दो इंजेक्शन दिए। जिसके बाद सांसद प्रतिनिधि के दो पहिया वाहन में लेटा कर घायलों को अशोकनगर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे वह पर उपचार चल रहा था। घायल के नाम रामकृष्ण शर्मा वयानी पुत्र राहुल शर्मा व एक अन्य व्यक्ति शामिल है। सीधी और अच्छी सड़क पर हर कोई तेज चलना चाहता है और हादसे का शिकार हो रहा है। प्रशासन द्वारा वहां पर रोड सुरक्षा और कलारी से संबंधित उचित कार्य करना आवश्यक है। एक सप्ताह पूरा हो नहीं पाता और घटना हो जाती है। प्रशासन द्वारा आज तक कोई सुरक्षा उपाय नहीं किए है।



## रघुवंशी ट्रस्ट की बैठक अशोकनगर मुख्यालय पर आयोजित की गई



**अशोकनगर।** रघुवंशी ट्रस्ट गुना अशोकनगर की बैठक स्थानीय धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीपी रघुवंशी ने की। बैठक का एजेन्डा सचिव माधौसिंह ने पढ़कर सुनाया। जिसमें अयोध्या धर्मशाला नवनिर्माण के लिए सदस्यता राशि सरंक्षण ट्रस्टी 5 लाख, ट्रस्टी 2 लाख और आजीवन सदस्य 1 लाख रूपए रखी गई। इसी प्रकार यज्ञ की बची हुई राशि गुना और अशोकनगर जिले की धर्मशाला अयोध्या में बनाने का निर्णय हुआ। कोषाध्यक्ष हरवीर सिंह रघुवंशी ने आय व्यय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 का प्रस्तुत किया। धर्मशाला का निर्माण पूर्ण होने पर गरीब असहाय एवं दिव्यागों को निःशुल्क व्यवस्था की जाएगी। बैठक में जयप्रकाश सिंह, उत्तमसिंह, लखनसिंह, धर्मवीर सिंह, डॉ. हरवीर सिंह, रामबली सिंह, सुखवीर सिंह, सतीश सिंह, सुनील कुमार, घनश्याम, सुरेन्द्र मलावनी, दिलीप, महेन्द्रसिंह, अमरसिंह आदि उपस्थित रहे।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में पराली प्रबंधन के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा धान की पराली प्रबंधन के संबंध में रविवार को कलेक्टर कान्फ्रेंस कक्षा में बैठक कर समीक्षा की गई। बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पराली जलाने के नुकसानों के बारे में कृषकों को जागरूक किया जाए।

पराली जलाने की घटनायें तहसील बहादुरपुर, मुंगावली, पिपरई, अशोकनगर, ईसागढ़ में अधिक हो रही हैं इनको रोकने के लिए आवश्यक प्रचार प्रसार के लिए संगोष्ठि/चैपाल आयोजित किये जायें। कृषकों को पराली के प्रबंधन हेतु जे.फार्म एप पर कृषकों के पंजीयन कराये जायें जिससे कृषकों को यंत्रों की उपलब्धता की जानकारी मिल सके एवं कृषि यंत्र हैप्पीसीडर, सुपर सीडर, बेलर, रोटावेटर आदि किराये पर लेकर धान की पराली का प्रबंधन किया जा सके। कस्टम हायरिंग सेंटर को जे.फार्म एप पर प्रदर्शित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये एवं कृषि यंत्रों पर मिलने वाली सब्सिडी आदि की जानकारी कृषकों को दी जाये। फसल अवशेष प्रबंधन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तथा स्टबल बर्निंग फ्री विलेज घोषित होने वाले ग्रामों को गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय समारोह में विशेष सम्मान एवं पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा।



## गायत्री परिवार द्वारा बाल्मिकी मंदिर पर कराया एक दिवसीय पंच कुंडीय गायत्री यज्ञ



**अशोकनगर।** रविवार को बाल्मिकी मंदिर पर एक दिवसीय गायत्री परिवार द्वारा पांच कुंडीय गायत्री यज्ञ किया गया बाल्मिकी मोहल्ला स्थित बाल्मिकी मंदिर प्रांगण में सुबह 11 बजे पहुंचकर यज्ञ का प्रारंभ किया। गायत्री ट्रस्ट द्वारा पांच कुंडीय गायत्री यज्ञ कराया गया। इस यज्ञ में बाल्मिकी समाज के लोगो का ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया पांच हवन कुंडी पर 21 अपने जोड़ों के साथ हवन कि आहूतियां दी। श्री गायत्री ट्रस्ट अशोकनगर द्वारा यह कार्यक्रम रखा। इस मौके पर गायत्री ट्रस्ट परिवार से डां आंनद मोहन दुबे, रमेशचन्द्र शर्मा ,गया प्रसाद नामदेव, द्वारा मंत्र उपचारों के साथ हवन कराया गया। भव्य आरती के प्रसाद वितरण कार्यक्रम का समापन किया इस अवसर पर बाल्मिकी समाज के लोगो अधिक संख्या में एकत्र हुए। इस आयोजन में विवेक भार्गव सरपंच प्रतिनिधि रामेंद्र रघुवंशी का सहयोग रहा इस मौके पर प्रेमनारायण शिवहरे लखन शिवहरे, संजू रघुवंशी राजेश बाल्मिकी, एवं ग्रामीण नागरिक भी उपस्थित रहे।

## कार्यकारी अध्यक्ष बने जितेन्द्र शर्मा

**अशोकनगर।** पटवारी संघ जिला अशोकनगर की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया है जिसमें कार्यवाहक जिला अध्यक्ष जितेन्द्र रघुवशी को बनाया गया है। इसके अलावा कईं पदाधिकारी भी ब नाए गए हैं। जिसमें संरक्षक बलवीर सिंह यादव, बृजमोहन शर्मा, उपाध्यक्ष दिनेश रघुवंशी, राकेश शुक्ला,अरविंद योगी,अनिल शर्मा ,हरीश कलावत शामिल हैं। पदाधिकारियों में सचिव मनीष सेन, सह सचिव सुदीप सोनी और संध्या लोधी, कोषाध्यक्ष राजेश नामदेव,संयोजक कृष्णभान यादव (हेदर) सह संयोजक राकेश भार्गव संगठन मंत्री,अनेक सिंह लोधी,शैलेंद्र सिंह पायक,कार्यालय मंत्री पूनम गुप्ता, प्रवक्ता महेंद्र सोनी,सरस्वती तिवारी,गौरी रघुवंशी मीडिया प्रभारी धुरव कुमार सेन ,रूपेरेंद्र यादव ,यशपाल सिंह नरवरिया,प्रचार मंत्री देवेन्द्र सिंह यादव,पुष्पेंद्र सिंह अहिरवार , होशियार सिंह आदि बनाए गए।



## प्रशासन के अधिकारी किसानों को पराली न जलाने के लिए कर रहे हैं जागरूक



**अशोकनगर।** जिले में प्रशासन के अधिकारी किसानों को पराली न जलाने के लिए कर रहे है जागरूक लेकिन किसान मानने तैयार नहीं है अब तक कईं किसानों पर इस तरह के प्रकरण दर्ज भी हो चुके हैं और जुर्माना भी किया गया है। इसके बाबजूद भी पराली जलाने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। जिसे लेकर जिला पंचायत सीईओ राजेश जैन द्वारा किसानों को जागरूक भी किया गया। कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देश पर फसल अवशेषों को जलाने के प्रतिबंधात्मक आदेश के पालन में जुर्माना और सजा संबंधी सूचना के प्रचार प्रसार द्वारा किसानों को अवगत कराने और रोकथाम हेतु पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि व राजस्व विभाग के अधिकारियों के संयुक्त निगरानी दल के सामूहिक प्रयास से कृषक गोष्ठी,चैपाल पर चर्चा के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन द्वारा दिए गए निर्देश के पालन में सभी ग्राम पंचायत स्तरीय दल ने क्षेत्र में हो रहीं आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए भ्रमण कर रोकथाम हेतु कार्यवाही की शुरुआत की। सीईओ जिला पंचायत स्वयं खेतों में पहुंचे और किसानों को समझाइश दी और किसानों ने जल रही पराली को बुझाया,वहीं संयुक्त दल ने भी ग्राम पंचायतों में पराली जला रहे किसानों के खेतों में जाकर किसानों को पराली जलाने से रोका। समझाइश के बाद हैप्पीसीडर, सुपरसीडर,फसल अवशिष्ट को गोबर, मिट्टी, बायो डीकंपोजर के माध्यम से जैविक खाद बनाकर रासायनिक खाद की निर्भरता को कम कर मृदा के स्वास्थ्य को बनाए रखा जाए। इस दौरान गूगल मीट से भी प्रशिक्षण दिया गया।

## वृद्ध महिला को उपचार के लिए नहीं मिला 108 वाहन

### ट्रैक्टर-ट्राली से ग्रामीण जिला अस्पताल लेकर पहुंचे



**अशोकनगर।** जनपद पंचायत अशोकनगर के ग्राम कुकरेठा में एक 65 वर्षीय वृद्ध महिला दोजा बाई अहिरवार का अचनाक स्वास्थ्य खराब होने पर जब गांव के लोगों ने 108 वाहन को फोन लगाया किन्तु संपर्क नहीं हो पाया। जिसके बाद परिवार जन उक्त बुजुर्ग महिला को उपचार के लिए ट्रेक्टर ट्राली में खाट पर बांध कर उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। महिला को दोनो नाति लेकर आए थे जहां बड़े नाती ने बताया कि कुछ दिन पहले ही जिला अस्पताल में हमने उपचार कराया था उसके बाद वापिस घर ले गए थे। किन्तु फिर से अचानक उल्टी दस्त की शिकायत होने पर दवा देने के बाद भी जब आराम नहीं लगा तो परिवार जन उक्त महिला को ट्रेक्टर ट्राली में खटिया कों बांधकर दादी को उसपर लिटाकर जिला अस्पताल आ गए। उन्होंने कहा कि रास्ता ठीक है परन्तु मरीज को तकलीफ न हो इस लिए मरीज को खाट पर लिटाकर लाए है। गांव में नेटवर्क कभी मिलते हैं तो कभी नहीं मिलते है।

## जन नायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया

**अशोकनगर।** दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया जिला अशोकनगर मध्य प्रदेश के तत्वावधान में चंद्रोदय बुद्ध विहार बायपास रोड चंदेरी में जन नायक भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती का कार्यक्रम बड़े धूम-धाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रकाश चंद्र बौद्ध प्रदेश सचिव रहें। विशिष्ट अतिथि रामदयाल बौद्ध जिला उपाध्यक्ष रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगन लाल बौद्ध जिला अध्यक्ष ने की। कार्यक्रम का संचालन संग्राम सिंह बौद्ध तहसील कोषाध्यक्ष ने किया।

मुख्य अतिथि प्रकाश चंद्र बौद्ध ने कहा कि जन नायक भगवान बिरसा मुंडा जी ने अपना देश अपना राज का नारा दिया। उन्होंने अपने और समाज के अधिकरों जल, जंगल जमीन की रक्षा करने के लिए उलगुलान आंदोलन का नेतृत्व किया और उन्होंने अंग्रेजों द्वारा लगाए गए भूमि कर, शोषण और सामाजिक सांस्कृतिक ताने बाने पर आक्रमण के खिलाफ आवाज उठाई। सभी शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। शिक्षा से मानव का विकास होता है। विशिष्ट अतिथि रामदयाल बौद्ध ने बिरसा मुंडा जी का जीवन परिचय बताया। कमला बौद्ध, सिन्नाम सिंह बौद्ध, राज कुमार बौद्ध, सुनील बौद्ध ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जगनल बौद्ध ने कहा कि महापुरुषों के विचार अपने जीवन में उतारना चाहिए। जिससे मानव जाति का विकास होगा। कार्यक्रम का आभार संग्राम सिंह बौद्ध ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में परमाल सिंह, पृथ्वीराज, बलवीर आदि उपासक उपासिकाएं उपस्थित हुई।



### केंद्रीय मंत्री सिंधिया से लगातार मांगों के बाद भी नहीं मिल सकी सुविधा

# इंदौर, मथुरा, दिल्ली और खाटूश्याम के लिए हजारों यात्री, लेकिन कोई ट्रेन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनग

इन्दौर,मथुरा,दिल्ली,प्रयागराज और खाटूश्याम के लिए जिले से हजारो यात्री, लेकिन कोई ट्रेन नहीं, सिंधिया से लगातार मांगों के बाद भी नहीं मिल सकी सुविधा। अगर आने जाने के लिए कनेक्टविटी नहीं होगी तो कैसे क्षेत्र का विकास होगा कैसे लोग जिले में आना पंसद करेगें। सबसे पहले आने जाने के संसाधन विकसित करना जरूरी है आजादी के बाद से आज तक यह क्षेत्र इन रेल सुविधाओं से वंचित है। पहले तहसील थी अब जिला बन चुके 22 साल हो गए हैं उसके पश्चात भी ट्रेनों के आवागमन एवं संपूर्ण विकास से अछूता है।



यहां ट्रेनों के आवागमन के लिए विभिन्न संगठनों के द्वारा तथा समाजसेवियों ने कई बार मांगे उठाई है और पत्र आदि भी लिखे हैं परंतु अभी तक अशोकनगर से इंदौर, दिल्ली, मुंबई प्रयागराज के लिए ट्रेनों का संचालन प्रारंभ नहीं हो पाया है। वहीं कोरोना काल से बंद पड़ी ट्रेनों की आवा जाही प्रारंभ करने के लिए भी लगातार मांगे की गई परंतु अभी तक क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इन मांगों के संबंध में कोई कारगर कदम नहीं उठाया है।

चंदेरी के सामाजिक कार्यकर्ता डॉ योगेश मिश्रा ने यह बताया है कि 6 मई 2025 को क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री द्वारा भारत के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को इंदौर से जबलपुर, कोटा से जबलपुर ट्रेन जो बंद है उनके संचालन के लिए अपना अनुशंसा पत्र भेजा था परंतु अभी तक उस पर कोई यथोचित कार्रवाई नहीं हुई है। इसी प्रकार छकड़ा पैसेंजर ट्रेन जो पहले चार चक्कर लगाए करती थी उसको भी यथावत करने के लिए क्षेत्रीय सांसद द्वारा रेल मंत्री जी को पत्र भेजे गए परंतु इस पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। चंदेरी के सामाजिक कार्यकर्ता डॉक्टर योगेश मिश्रा ने यह भी बताया है कि 10 सितंबर 2025 को केंद्रीय मंत्री सिंधिया के द्वारा भोपाल से पाटलिपुत्र को चलाई जाने वाली बंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के लिए भोपाल बीना अशोक नगर गुना शिवपुरी होते हुए पाटलिपुत्र तक चलाने के लिए अपना अनुशंसा पत्र रेल मंत्री भारत सरकार को भेजा था, परंतु इस अनुशंसा पत्र पर भी रेल मंत्रालय द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की है और ना ही सिंधिया के द्वारा इस पर अभी तक कोई ठोस निर्णय लिया गया है जिससे क्षेत्र की जनता ट्रेनों के संचालन न होने से बेहद परेशान हो रही है। ऐसा नहीं है कि सिंधिया को इसके बारे में अवगत न हो 11 सितंबर 2025 को जब क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री का अशोकनगर में आगमन हुआ था उस समय प्रेस वार्ता के दौरान भी उनको इन्हीं ट्रेनों के संबंध में अवगत कराया गया था और साथ ही इंदौर से प्रयागराज के लिए नई ट्रेन प्रारंभ करने के लिए भी अनुरोध किया गया था, जिसे सिंधिया ने अपने कागज पर नोट भी किया था परंतु अभी तक क्षेत्रीय सांसद द्वारा इस कोई कारगर कदम नहीं उठाया गया है जिससे क्षेत्रवासी बेहद निराशा है और सभी ने यह मांग उठाई है कि अब सिंधिया को इस पर स्वयं जाकर रेल मंत्री जी से मिलकर इन ट्रेनों के संचालन की कार्रवाई करनी होगी। साथ ही चंदेरी अशोकनगर के विभिन्न समाजसेवियों ने यह भी मांग की है कि सांसद हमें मुलाकात का अवसर प्रदान करें और हमारे प्रतिनिधिमंडल के साथ रेल मंत्री भारत सरकार के समक्ष चलकर अशोकनगर जिले से विभिन्न ट्रेनों के संचालन की कार्रवाई के लिए मांग रखें ताकि क्षेत्र के समाजसेवियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ जब रेल मंत्री से मुलाकात होगी तब रेल मंत्री निश्चित ही विभिन्न ट्रेनों के संचालन के लिए रेल बोर्ड रेल मंत्रालय को आदेश अवश्य जारी करेंगे और क्षेत्र की ट्रेनों की मांग पूरी हो सकेगी। अब यह देखना होगा कि क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री सिंधिया अशोकनगर से ट्रेनों के संचालन के लिए क्या कार्रवाई करते हैं और कितनी जल्दी क्षेत्र की जनता को ट्रेनों की सौगात प्रदान करते हैं।

### न तौल कांटा न ही फड़ों का आवंटन

## उप मंडी से राजस्व भरपूर किंतु सुविधा कुछ भी नहीं



**अशोकनगर।** बहादुरपुर कस्बे में करीब 5 वर्षों से संचालित कृषि उप मंडी भरपूर राजस्व दे रही है। मुंगावली कृषि उपज मंडी के तहत इस उप मंडी में मंडी प्रशासन ने किसी तरह की सुविधाओं का ध्यान नहीं रखा है। जबकि प्रतिदिन हजारों क्विंटल उपज इस मंडी में बिकने के लिए आ रही है। मंडी में एक दर्जन से ज्यादा व्यापारी नीलामी में हिस्सा लेते हैं। जिनमें से एक के पास भी मंडी के अंदर फड़ नहीं है। सभी व्यापारी वाहनों को अपने प्रतिष्ठानों या गोदामों के सामने इकट्ठा कर लेते हैं, जो या तो घनी बसाहट या बाजार के बीच हैं या फिर गोदामों पर जो मुख्य मार्ग पर स्थित हैं। ऐसे में कस्बे की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। दिन भर मुख्य मार्ग सहित बाजार और अंदरूनी मार्ग जाम रहते हैं। मंडी में तौल कांटा नहीं है। दो निजी तौल कांटे मुख्य मार्ग पर हैं। मंडी में नीलामी होने के बाद ट्रैक्टर ट्रॉली तौल कांटे के लिए रवाना होते हैं और सड़क की एक पट्टी पर कब्जा कर लेते हैं। कांटे के सामने प्रतिदिन एक सैकड़ा ट्रैक्टर ट्रॉली कतार में लगे रहते हैं। जिससे आने और जाने के लिए सड़क का एक हिस्सा ही शेष रहता है। इससे दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है।

### स्टाफ की भी कमी, सुरक्षाकर्मी नदारद

मंडी में स्टाफ की भी कमी है। मंडी सचिव कभी भी दिखाई नहीं देते। एकमात्र नाकेदार सुरेंद्र श्रीवास्तव पर समूची व्यवस्थाओं का जिम्मा है। वही नीलामी शुरू कराते हैं। उनके साथ मुंगावली से बाइक पर सवार होके दो अन्य कर्मचारी भी आते हैं। जो अन्य व्यवस्था देखते हैं। एक भी सुरक्षा कर्मी नहीं होने से उपज के चोरी होने का भय किसानों को रहता है।

### एसडीएम से बात की है

आज सभी व्यापारियों को बुलाया था। हमने उन्हे चिन्हित किया है, जिनकी दुकानों के आगे जाम लगता है। सभी को समझाइश दी है। उनसे कहा है कि वाहनों को किसी भी हाल में सड़क पर खड़े न होने दें अन्यथा जब्ती की कार्रवाई करेंगे। मंडी में फड़ की समस्या के लिए एसडीएम महोदय से बात की है।'

अरविंद कछुवाह, थाना प्रभारी बहादुरपुर

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर से भिड़ी बाइक युवक का सिर फटा

**अषोकनगर।** बहादुरपुर में बीते शनिवार को बहादुरपुर एवं गीलारोपा के बीच एक खाद गोदाम के सामने एक ट्रैक्टर से एक मोटर साइकिल जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटर साइकिल चालक रवि केवट का सर बुरी तरह फट गया। दूसरे सवार रघुवीर प्रजापति का पैर टूट गया। तीसरा सवार रूपसिंह प्रजापति जरूर बाल बाल बच गया। इधर, ट्रैक्टर टक्कर मार कर भाग निकला। घटना के बाद मौके पर भीड़ लग गई। खाद गोदाम पर काम कर रहे युवकों ने आपातकालीन वाहन 108 पर फोन का बुलाया। मौके पर खून ही खून बिखर गया था। किंतु दुर्घटना के पहले ही घंटे में घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार मिल गया। जिसके बाद उसे जिला अस्पताल रिफर किया गया था। जहां से भी हालत गंभीर होने के कारण युवक रवि केवट को भोपाल रिफर कर दिया गया था। जहां आईसीयू में उसका उपचार किया जा रहा है।

### एम्बुलेंस देर से पहुंची, घर पर दिया शिशु को जन्म

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ़ थाने के अंतर्गत ग्राम दयालपुर निवासी उर्मिला बाई पत्नी कल्याण आदिवासी उम्र 27 वर्ष को प्रसूती की शिकायत होने के बाद जब जननी सुरक्षा वाहन को फोन लगाकर सूचना दी गई परन्तु वाहन समय पर नहीं पहुंचा। उसी दौरान महिला की घर पर ही प्रसूती हो गई। जिसमें महिला ने एक बालिका को जन्म दिया है। बाद में संजीवनी 108 वाहन पहुंचा उक्त वाहन से प्रसूतिका को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ईसागढ़ में ले जाया गया जहां जन्मी बालिका कमजोर होने से उसे जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां नवजात गहन चिकित्सा इकाई कक्ष में उसका उपचार चल रहा है।

### अवैध शराब के दो मामले किए दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के दो मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के ईसागढ़ थाने की पुलिस ने ग्राम पिपरौदा निवासी भूरा आदिवासी के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। इसी प्रकार नईसरायं पुलिस ने मढ़ी निवासी दिनेश कुशवाह के पास से 6 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत राधाबाई पत्नी स्वर्गीय गोपाल साहू निवासी ग्राम चिरौली ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही मकान के भूसे वाले कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**अशोकनगर।** रेलवे ट्रेक पर पुलिस ने एक 22 वर्षीय युवक का शव रेल पटरियों से बरामद किया है। मृतक की पहचान ग्राम ललोई टांका निवासी मौती सिंह पुत्र लाखन सिंह यादव के रूप में की गई है। युवक के पास से आधार कार्ड मिला है जिससे उसकी पहचान की गई है। मृतक मथुरा के एक होटल में काम करता था। घटना में उसके कई टुकड़े हो गए। वह अपने घर से मथुरा जाने की कहकर निकला था। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष को मातृ शोक

**अशोकनगर।** भाजपा के पूर्व शहर मंडल अध्यक्ष हरीश जैन बल्ला की माता कमला देवी का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। वह लम्बे समय से अस्वस्थ थीं। वह अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गईं हैं। उनके बड़े पुत्र राजेंद्र जैन चंदा भी भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में से एक है। इनके अलावा निर्मल जैन, संजू जैन मिर्ची उनके पुत्र हैं, उनकी श्रृद्धांजलि सभा,उठावना सोमवार को स्थानीय जैन भवन शांतिनाथ मंदिर के पास सुबह 10 बजे से रखा गया है। भाजपा के कई नेताओं, कार्यकर्ताओं, व्यापारियों, समाज सेवियों ने दिवंगत आत्मा के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की है।

## मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण में उत्कृष्ट कार्य के लिए कलेक्टर की सराहना की गई

**अशोकनगर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के संबंध में रविवार को वीडियों क्रॉन्फ्रेस के माध्यम से समीक्षा बैठक ली गई। वीडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हुई बैठक में भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के संबंध में मध्यप्रदेश के समस्त कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों से वीडियो कांन्फ्रेस के माध्यम से गणना पत्रकों के मेंपिंग तथा डिजिटाईजेशन की जानकारी प्राप्त की गई। समीक्षा के दौरान मध्यप्रदेश में जिला अशोकनगर टॉप पर रहा। जिले मे किए जा रहे एसआईआर के कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह की निर्वाचन आयोग द्वारा सराहना की गई। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिलें में कराई गई मेंपिंग तथा डिजिटाईजेशन की जानकारी से अवगत कराया।



उन्होंने बताया कि 16 नवम्बर 2025 की जानकारी के अनुसार जिले में मेंपिंग का प्रतिशत 65.80 रहा तथा डिजिटाईजेशन का कार्य 15.58 प्रतिशत है, जो मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान पर है। उक्त कार्य विभिन्न प्रशिक्षणों, प्रचार-प्रसार, गूगलमीट के माध्यम से की गई निरंतर समीक्षाओं के आधार पर अर्जित होने की जानकारी बताई गई। शेष डिजिटाईजेशन कार्य की कार्ययोजना के संबंध में भी अवगत कराया गया। भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा अशोकनगर के जिला निर्वाचन अधिकारी की सराहना की गई। उक्त वीडियो कांन्फ्रेंस में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवकीनंदन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी मुंगावली इसरार खांन, अनुविभागीय अधिकारी चंदेरी मनीष धनगर तथा अनुविभागीय अधिकारी ईसागढ त्रिलोचन गौंड उपस्थित रहें।

### पुलिस ने आरोपी के पास से 5.18 ग्राम स्मैक व मोटर साइकिल जब्त की

**अशोकनगर।** शहर में नशीले पदार्थों का अवैध कारोबार करने वाले शातिर अपराधियों पर कोतवाली पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में चल रहे अभियान के तहत लगातार सफल परिणाम सामने आ रहे हैं। इसी क्रम में 15.11.2025 की रात्रि में मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि रेलवे पटरी धक्का के पास एक व्यक्ति स्मैक बेचने के उद्देश्य से आने वाला है। जिसके बाद एसपी के निर्देश पर एक टीम गठित की गई। मौके पर एक संदिग्ध व्यक्ति काले रंग की मोटर साइकिल पर मिला, जिसने पूछताछ में अपना नाम रवि पुत्र गजराज गिरी गोस्वामी (उम्र 35 वर्ष), निवासी बोहरे कॉलोनी, अशोकनगर बताया। उसकी तलाशी लेने पर 5.18 ग्राम स्मैक एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल (कीमती लगभग 50,000 रुपये) जप्त की गई। आरोपी के विरुद्ध धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

## बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया

**अशोकनगर।** जन अभियान परिषद ब्लॉक अशोकनगर के सेक्टर 04 (राजपुर) की ग्राम पंचायत बामोरा की आदिवासी बस्ती लखाखेड़ी के हनुमान जी मन्दिर प्रांगण में भगवान विरसा मुण्डा की जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम के माखनसिंह आदिवासी द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर तिलक लगाकर व पुष्प चढ़ाकर पूजन किया गया। समिति सदस्य बलवीरसिंह रांवसर ने अपने उद्बोधन में भगवान बिरसा मुंडा के जीवन परिचय में बताया कि भगवान बिरसा मुंडा का जन्म झारखण्ड राज्य में हुआ था, उनकी माता का नाम करमीहातु और पिता का नाम सुगना मुंडा था। उनका बृहस्पतिवार के दिन जन्म होने के कारण इनका नाम बिरसा पड़ा। समिति के गीताव्रती रामबली यादव और राजेंद्रसिंह चमराई ने बिरसा मुंडा द्वारा दिए गये उपदेशों को बताया। बिरसा मुंडा द्वारा जन जन के सुधार हेतु बताए गए उपदेश ईश्वर माने सिंगबोंगा अर्थात ईश्वर एक है, गौ की सेवा करो एवं समस्त प्राणियों के प्रति दया-भाव रखो, नशा मत करो,अशुद्ध भोजन मत करो, सादा जीवन अपनाओ, घर साफ-सुथरा रखो, अपने घर में तुलसी का पौधा लगाओ, बड़ों का आदर करो, कुसंगति से बचो,अपनी संस्कृति, धर्म और अपने पूर्वजों के प्रति अटूट श्रद्धा रखो, धर्म-संस्कृति, परम्परा को भूलने से समाज की पहचान मिटती है। एकजुट रहो, कभी आपस में मत लड़ो,सप्ताह में एक दिन बृहस्पतिवार को सिंगबोंगा (भगवान) की पूजा करो। कार्यक्रम पश्चात प्रसाद में बिस्किट्स वितरित किए गए। इस अवसर पर परामर्शदाता बलवीरसिंह यादव, ग्राम सहोदरी से लाखनसिंह पूर्व सरपंच, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति फतेहपुर के अध्यक्ष राजकुमार कुशवाह, सचिव महेश कुमार कुशवाह, बामोरा पंचायत सरपंच प्रतिनिधि विकास सेन, पंचायत सचित ओमप्रकाश गुप्ता, लाखनसिंह चैपरा, गायत्री परिजन कैलाश पालीवाल, परमालसिंह, सुरेन्द्र, शिवराज सिंह, संतराम यादव, ओमप्रकाश आदिवासी सहित बच्चे, युवा, मातृशक्ति व ग्रामवासी उपस्थित रहे।



### कांग्रेस ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई



**अशोकनगर।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आदिवासियों के मसीहा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई। आदिवासी बस्ती टकनेरी में जाकर फल वितरण किये एवं उनके जीवन पर प्रकाश डाला। स्वतंत्रता संग्राम में देश को स्वतंत्र कराने में उनकी मुख्य भूमिका रही। आदिवासी समाज को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए एवं उनके अधिकार दिलाने के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे। कार्यक्रम में अशोकनगर के विधायक हरीबाबू राय, जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा, जिला महामंत्री सुधीर शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष सचिन शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजकुमार लोधी, विधायक प्रतिनिधि अशोक रजक, एसके गुर्जवार एवं शिवाजी सरगैया आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सेवानिवृत और पद पर रहने वाले अनेक छात्रों ने अपने अनुभव सांझा किए

## पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के पूर्व छात्रों का सम्मेलन आयोजित हुआ

**अशोकनगर।** स्थानीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन होटल अशोका में सम्पन्न हुआ। इसमें मुख्य अतिथि रिटायर्ड प्रिंसिपल दिनेश चंद्र श्रीवास्तव एवं इसरो के पूर्व विज्ञानिक ज्ञान चंद्र जैन एवं 1974 एवं पूर्व छात्र चीफ इंजीनियर रिटायर्ड पीसी जैन पूर्व प्रिंसिपल केके शर्मा पूर्व छात्र सेंट्रल पीडब्लू डी रामसेवक रावत जम्मू कश्मीर,कॉन्ट्रैक्टर सीपी रघुवंशी चीफ इंजीनियर प्रमोद रघुवंशी रामकुमार पाठक,अभय जैन राकेश, शर्मा एंडी अटवाल आयोजन कर्ता टीम किशन राजोरिया, श्याम सिंह रघुवंशी विकास, रघुवंशी एवं समस्त टीम ने इस कार्यक्रम मे भाग लिया। इस तरह का सम्मेलन इसके पहले वर्ष 2010, 2022 और 2024 में आयोजित हो चुका है। इस महाविद्यालय में 1967 में पहला बैच डिप्लोमा करके पास हुआ था इसके बाद कई बेंच एक के बाद एक निकलते गए और प्रदेश के कई स्थानों पर उन्हें अभियंता से लेकर चीफ इंजीनियर के पद पर काम करने का मौका मिला। जिसमें कई अशोकनगर शहर और ग्रामीण अंचलों में रहने वाले परिवारों के युवा थे। जब 16 नबंवर को इस सम्मेलन में पूर्व छात्र शामिल हुए तो एक दूसरे से अपने अनुभव बांटते नजर आए।



### पहली बार एक साथ इतने मंदिरों का किया गया शिलान्यास

# 52 पाषाण जिनालय के साथ, नंदीश्वर दीप गगन विहारी का हुआ शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

12वी शताब्दी में जिले के प्राचीन स्थल थूवोनजी में जैन श्रेष्ठी पाड़ाशाह द्वारा गगनचुंबी विशाल जैन प्रतिमाओं का निर्माण कर यह अमूल्य संपदा तीर्थंकर भगवानों के रूप में जैन धर्माबलंबियों को प्रदान की गई थी। 12वी शताब्दी के बाद 16 नवंबर 2025 को अतिशय क्षेत्र थूवोन जी में फिर एक नया इतिहास लिखा गया जहां 52 जैन मंदिरों का एक साथ शिलान्यास समारोह का आयोजन पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर नन्दीश्वर दीप गगन विहारी का शिलान्यास समारोह भी आयोजित किया गया। इस संपूर्ण आयोजन में प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया के मंत्रोच्चार के बीच प्रथम जिनालय का सौभाग्य कबूलचंद श्रंयासकुमार कोहरवास परिवार को मिला। द्वितीय मन्दिर के शिलान्यास का सौभाग्य शालू भारत गौरव जैन विकास रिक्कू भारत परिवार तथा तृतीय मन्दिर के शिलान्यास का सौभाग्य विमल कुमार मनीष कुमार आशीष कुमार सोनू बरखेडा,चतुर्थ जिनालय का शिलान्यास प्रकाश चन्द्र नीरज कुमार बड़कुल, पंचम जिनालय का शिलान्यास जी.सी जैन अहमदाबाद परिवार के साथ सहस्त्र कूट जिनालय के साथ गगन विहारी के शिलान्यास का सौभाग्य विकास जैन विशाल फर्नीचर परिवार एवं सिंह द्वार का शिलान्यास पदम कुमार सौरभ कुमार वाझल परिवार द्वारा किया गया ।







### देवताओं को मन्दिर वनने का सौभाग्य प्राप्त नहीं होता

इस दौरान मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने कहा कि स्वर्गो में कोई तीर्थ नहीं होते दो प्रकार के मेहमान होते हैं एक तो जो आ गये उन्हें कहा आइये साहब और दूसरे वो जिन्हें आपने निमंत्रण देकर वुलाया गया है। देवताओं को मन्दिर के शिलान्यास का सौभाग्य प्राप्त नहीं होता लेकिन आज यहां साक्षात मुनष्य भगवान के मन्दिर का सौभाग्य प्राप्त करेंगे। चैरासी लाख योनियों में भटकने का क्रम जिसका समाप्त होने को है ऐसे मनुष्य को भगवान के आवास को दान करने का सौभाग्य प्राप्त होता है। आवास दान के भी दो रुप होते हैं आवास दान मुख्य रूप से साधुओं को दिया जाता है लेकिन महा साधु जो तीर्थंकर प्रभु कहलाते हैं उन्हें आपको आवास दान देने का सौभाग्य प्राप्त होने जा रहा है। मेरा विश्वास है कि जिसने देव शास्त्र गुरु को आवास दान दिया है मैं तो अपने भक्तों को कभी फुटपाथ पर जन्म न हो वस यही प्रबंध कर रहा हूं। आप मन्दिर बनाने जा रहे हैं। यदि आप इस दौरान ऊपर चलें गये और आपका जन्म ऐसे महल हवेली में होगा जहां तुम्हारे लिए कुछ भी बनाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।

बुंदेलखंड के सभी तीर्थ क्षेत्र भक्तो ने वनाया है

इस दौरान क्षेत्र कमेटी के प्रचार मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि आचार्य श्री ने कहा कि कि सुधासागर जी आ गए तो थूवोनजी 50 साल आगे निकल जायेगा आज यह स्वप्न साकार होने जा रहा है। इस अंचल के सबसे बड़े तीर्थ पर वर्षो की प्रतीक्षा और लगातार प्रयास के बाद दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण तीर्थ चक्रवर्ती राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ससंघ क्षुल्लक श्री गम्भीर सागर जी महाराज क्षुल्लक श्री वरिष्ठ सागर जी महाराज क्षुल्लक श्री विदेह सागर जी महाराज ससंघ एवं वाल ब्रह्मचारी प्रतिष्ठा चार्य प्रदीपभइया निर्देशन में श्री दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी में भव्य पाषाण से निर्मित पंचमुखी विशाल जिनालयों एवं सिंह द्वार के साथ ही श्री नन्दीश्वर दीप के 52 जिनालयों का शिलान्यास 16 नबंवर को पूरे विधि-विधान के साथ परम पूज्य गुरुदेव के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ है। हम सभी भाग्य शाली परिवारो का कमेटी की ओर से सम्मान कर रहे हैं। कमेटी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र रोकड़यिा संजीव श्रागर धर्मेन्द्र रोकड़यिा संजीव जैन महामंत्री मनोज भैसरवास कोषाध्यक्ष प्रमोद मंगल दीप मंत्री शैलेन्द्र दददा राजेन्द्र हलवाई प्रदीप रानी जैन अनिल बंसल डॉ जितेन्द्र जैन प्रचार मंत्री विजय धुर्रा मिडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडीटर अक्षय अमरोद समाज अध्यक्ष राकेशकासंल महामंत्री राकेश आदि रहे मौजूद।

गणेश गली मार्ग चौराहे पर एक दिन पूर्व ही किया था मंदिर निर्माण को भूमिपूजन

# मंदिर निर्माण पर आपत्ति, मौके पर पहुंची राजस्व और नपा की टीम



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

स्थानीय गणेश चौक वाली गली में मुक्तिधाम मार्ग के समीप शनिवार को नगर के धार्मिकजनों, समाजसेवियों की मौजूदगी में शिव-परिवार मंदिर निर्माण हेतु भूमिपूजन करवाया गया था। उक्त भूमिपूजन होते ही आसपास के कुछ स्थानीय जनों ने इस मंदिर निर्माण पर ही आपत्ति उठा ली। आपत्तिकर्ताओं के अनुसार मंदिर का निर्माण नजूल की भूमि पर करवाया जा रहा है जो कि नियमविरुद्ध है। भूमिपूजन के 24 घंटे बाद ही इस धार्मिक एवं पुनीत कार्य में अचानक आई बाधा और उठी आपत्तियों के बाद प्रशासन, नगर पालिका और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। तहसीलदार अनिल शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, टीआई अखिलेश वर्मा सहित राजस्व विभाग के आरआई, पटवारियों और नगर पालिका की टीम ने जब दस्तावेज खंगाले तो उक्त सर्वे नंबर का उक्त भूखंड राजस्व की सीमा में नहीं बल्कि बसाहट वाली जगह पर पाया गया। मामले की जानकारी लगने के बाद भाजपा पदाधिकारी देवीसिंह सौंधिया, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष हर्षांत इंग्ले सहित अन्य लोग भी तुरंत मौके पर पहुंचे।

### अब होगी पूरी नापजोख

बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर यह मंदिर निर्मित होना है वो भूमि समीप ही रहने वाले एक निजी व्यक्ति के स्वामित्व की है जिन्होंने स्वेच्छा से मंदिर निर्माण करने की अनुमति दी है। इस अनुमति के बाद भी आसपास के कुछ लोगों ने निर्माण पर आपत्ति उठाते हुए अवैधानिक बताया। इस पर तहसीलदार अनिल शर्मा ने नगर पालिका की टीम को निर्देशित किया कि चूंकि यह भूखंड बसाहट में है और नपा के अधीन आता है, ऐसे में पूरी नपाई करवाई जाए। इसके साथ ही अगर समीप के निजी व्यक्ति के स्वामित्व की भूमि है तो उस बारे में पूरी नापजोख के बाद ही मंदिर निर्माण का कार्य आरंभ करें। अब आने वाले दिनों में नगर पालिका की टीम द्वारा यहां की पूरी नपाई इत्यादि करवाने के बाद मंदिर निर्माण कार्य आरंभ होगा।

### मौके पर लगा अनेकों लोगों का हुजूम

प्रस्तावित मंदिर निर्माण स्थल पर पुलिस एवं प्रशासनिक टीमों के अचानक पहुंचने पर मौके पर अनेकों लोगों, युवाओं का हुजूम एकत्रित हो गया और सभी मंदिर निर्माण की मांग करने लगे। हालांकि, कुछ लोगों का यह भी कहना था कि अगर किसी को आपत्ति है तो नापजोख के बाद सबकुछ स्पष्ट हो जाएगा।

9 लाख 66 हजार से होना है मोरसरा पुलिया का निर्माण

# आखिरकार सुंदरपुरा की पुलिया का निर्माण कार्य हो गया आरंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा-लखनवास

खबर का असर

जनपद की ग्राम पंचायत सुंदरपुरा में पहले राशि निकाल ली गई और कई महिनों तक निर्माण कार्य नहीं किया गया। इस पर जब हरिभूमि लखनवास प्रतिनिधि ने मामले को 8 नबंवर के सामचार पत्र में प्राथमिकता से उठाया तब कहीं जाकर प्रशासन के दबाव में ग्राम पंचायत सुंदरपुरा के सरपंच व सचिव ने पुलिया का निर्माण कार्य शुरू करवाया। उल्लेखनीय है कि गा्रमपंचायत सुंदरपुरा की मोरसरा पुलिया निर्माण के नाम से बिना काम किए 9 लाख 66 हजार रुपए सरपंच व सचिव की सांठगांठ से निकाल लिए गए थे जिनका महीनों बाद अब






काम शुरू करवाया गया है। अब देखना यह है कि काम कितना गुणवत्ता पूर्ण होता है और विभाग इस पर कितना ध्यान देता है या फिर इसी तरह की लापरवाही निर्माण में भी दिखाई जावेगी।

### नामदेव समाज की बैठक में समीक्षा व नई कार्यकारिणी गठन का प्रस्ताव

**ब्यावरा।** संत नामदेव जयंती के आयोजन को लेकर नामदेव क्षत्रिय दर्जी समाज, ब्यावरा की बैठक शनिवार शाम 7 बजे स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ पर आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत संत नामदेव के चित्र पूजन से हुई, जिसके बाद समाज के सभी बंधुओं की उपस्थिति में कार्यवाही आगे बढ़ी। समाज के अध्यक्ष किशोर जानोरिया ने संत नामदेव जन्मोत्सव के आय-व्यय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समाज बंधुओं ने प्रतिवेदन का अवलोकन किया और आगामी सामाजिक गतिविधियों के लिए नई योजनाओं पर चर्चा की। बैठक के दौरान अध्यक्ष किशोर जानोरिया ने जानकारी दी कि समिति का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है। उन्होंने समाज के समक्ष नई कार्यकारिणी गठित करने का प्रस्ताव रखा तथा अपना त्यागपत्र प्रस्तुत किया एवं जन्मोत्सव में तन-मन-धन से सहयोग करने पर समाज बंधुओं का धन्यवाद आभार प्रकट किया। व विशेष सहयोग करने वाले मोहनलाल नामदेव बैलास वाले व मुकेश नामदेव बीनागंज का फूलमाला से स्वागत किया। समाज के जिम्मेदार बंधुओं ने नए अध्यक्ष और नई कार्यकारिणी के गठन हेतु आगामी तिथि निर्धारित करने पर सहमति व्यक्त की।

संगठन प्रदेशाध्यक्ष एवं कृषि विभाग के उप-सचिव भी रहे मौजूद

# अजाक्स के जिला स्तरीय आयोजन में राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

अनुसूचित जाति, जनजाति अधिकारी, कर्मचारी संघ(अजाक्स) के तत्वावधान में रविवार को स्थानीय मंगल भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजाक्स के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष एवं कृषि विभाग के उप-सचिव संतोष वर्मा ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों से सामाजिक एकजुटता एवं अपने अधिकारों के प्रति सजग करने का आव्हान किया।

प्रदेशाध्यक्ष वर्मा ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवनवृत्त पर प्रकाश डालते हुए उनसे प्रेरणा लेने की बात भी सभी से कही। उन्होने कहा कि आगामी 23 नवंबर को राजधानी भोपाल में अजाक्स का प्रांतीय सम्मेलन होना है, जिसमें जिले से अधिक से अधिक संख्या में सभी उपस्थित रहें। वरिष्ठ पदाधिकारियों के उद्धबोधन उपरान्त संगठन की विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम एसडीएम ज्योति राजोरे को एक ज्ञापन भी सौंपा गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में घनश्याम भकोरिया, रामकृष्ण वर्मा, श्यामबाबू खरे, एस.सी. आसले, अजाक्स जिलाध्यक्ष जगदीश वर्मा सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पदोन्नति में आरक्षण, बैकलॉग पदों की पूर्ति सहित रखी अन्य मांगे

राष्ट्रपति के नाम सौंपे गए ज्ञापन में पदोन्नति में आरक्षण, बैकलॉग पदों की पूर्ति समेत अन्य मांगे रखी गईं। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष सजन भारतीय, मनोहर भिलाला, कैलाश दलोदिया, राजेंद्र कटारिया, बनवारीलाल खिंची, महेश मालवीय, चंदर मालवीय, सिद्धनाथ वर्मा, संदीप कटारिया सहित अजाक्स के जिला, तहसील, ब्लॉक के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। संचालन जुगराज वर्मा ने किया एवं आभार नरेंद्र जाधव ने माना।

जिला स्तरीय बैठक को राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया संबोधित

# दांगी समाज ने लिया समाज में व्याप्त कुरीतियों को त्यागने के लिए संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

पहले हमारे समाज में बाल-सगाई और बाल-विवाह आम थे, लेकिन जैसे-जैसे दांगी समाज में शिक्षा की अलग जगी वैसे-वैसे ये कुप्रथाएं अब लगभग समाप्ति की कगार पर पहुंच चुकी हैं। इसी तरह समाज को खोखला कर रही अन्य कुप्रथाओं जैसे नुक्ता प्रथा और नातरा-झगड़ा जैसी कुरीतियों को भी हमें समूल उन्मूलना करना होगा।

उक्त बात दांगी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी ने रविवार को मुख्यालय के मंगल भवन में आयोजित समाज की जिला स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए कही। इस बैठक में झालावाड़ और आगर-मालवा जिले से आए प्रतिनिध भी बड़ी संख्या में मौजूद थे। बैठक के दौरान उपस्थित समाज के सभी वरिष्ठजनों, युवाओं व अन्य ने



सामुहिक रूप से उक्त सभी कुरीतियों का त्यागने का संकल्प लिया। पूर्व विधायक रामप्रसाद दांगी ने कहा कि युवा आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। हमें मिली सुविधाओं और अवसरों का सदुपयोग करना है, दुरुपयोग नहीं। दांगी समाज के युवा प्रदेश अध्यक्ष रवि दांगी ने युवाओं से किसी भी प्रकार का नशा न करने का आव्हान किया। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बालचंद दांगी ने कहा कि सही परम्पराओं को अपनाना और कुरीतियों को छोड़ना समय की आवश्यकता है। समाजसेविका दीपमाला दांगी ने भी बाल-विवाह से बच्चों पर पड़ने वाले गहरे दुष्प्रभावों पर चिंता व्यक्त की। सेवानिवृत्त सैनिक हिन्दू सिंह दांगी ने बताया कि राजगढ़ जिले के 400 से अधिक समाज बंधु सेना व सुरक्षा सेवाओं के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं। तोरण सिंह दांगी ने कहा कि वर्तमान में राजगढ़ के 417 युवा राष्ट्र सेवा में कार्यरत हैं।

### नगर में निकाली विशाल बाइक रैली

मंगल भवन में आयोजित हुई सभा के पूर्व दांगी समाज के युवाओं सहित अन्य जनों द्वारा नगर में एक विशाल बाईक रैली निकाली गई। इस रैली में युवा हाथों में विभिन्न तरह की कुरीतियां त्यागने संबंधी तख्तियां हाथ में उठाए नजर आए।

# जनजातीय गौरव दिवस पर भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धा सुमन अर्पित



**सारंगपुर।** भारत के स्वाधीनता संग्राम में जनजातीय नायकों का योगदान सदैव प्रेरणादायी रहा है और उनमें भगवान बिरसा मुंडा का स्थान सर्वोपरि है। 15 नवंबर 1875 को झारखंड के हाथो गांव में जन्मे इस महान योद्धा के 150वें जन्मवर्ष के उपलक्ष्य में जन अभियान परिषद सारंगपुर के माध्यम से स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सारंगपुर में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार, कवि एवं चित्रकार सुशील व्यास ष्सारंगष् ने कहा कि बिरसा मुंडा ने वनवासी समाज को संगठित कर अंग्रेजों के अत्याचारों के विरुद्ध संघर्ष का शंखनाद किया। मात्र 25 वर्ष की आयु में उन्होंने देश की स्वतंत्रता हेतु अपने प्राणों का बलिदान देकर आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा दी। उनके जीवन से हमें वर्तमान की चुनौतियों के प्रति सजग रहकर राष्ट्रहित में अग्रणी रहने की सीख मिलती है। इस अवसर पर खंड प्रचारक विश्वासजी ने भी बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और नेतृत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को प्रेरक संबोधन दिया।

खोखेड़ा गांव में 16 वर्षीय नाबालिग का कराया जा रहा था विवाह, दी गई समझाइश

# बालिका को 'वधु' बनने से रोका, तुरंत पहुंची संयुक्त टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले की अंतिम सीमा भोजपुर क्षेत्र के खोखेड़ा गांव में एक 16 वर्षीय नाबालिग के विवाह की सूचना मिलते ही विभिन्न विभागों की टीमें अलर्ट होकर तुरंत गांव पहुंच गईं। महिला बाल विकास विभाग, पुलिस, स्वास्थ्य, पंचायत प्रतिनिधियों एवं अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की टीम के पहुंचने पर बालिका के परिजन शादी से संबंधित तैयारी करते पाए गए।

टीम ने सर्वप्रथम परिवारजनों से बातचीत कर बाल-विवाह की कानूनी स्थिति, दंडात्मक प्रावधान और बालिका के भविष्य पर पड़ने



वाले नकारात्मक प्रभावों के बारे में विस्तार से समझाइश दी। एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के तहत 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह दंडनीय अपराध है। टीम ने परिजनों को स्पष्ट निर्देश दिया कि बालिका के वयस्क होने से पहले किसी भी प्रकार की वैवाहिक प्रक्रिया प्रारंभ न करें, अन्यथा कानूनन कार्रवाई की जाएगी।

### पंचायत प्रतिनिधि रखेंगे निगरानी

मौके पर मौजूद विभागीय अधिकारियों ने पूरा पंचनामा तैयार किया, जिसमें परिजनों के बयान, परिस्थितियों का विवरण और भविष्य में विवाह न कराने की सहमति दर्ज की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग और पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि मामले पर आगे भी स्थानीय स्टेक होल्डर्स लगातार निगरानी रखेंगे, ताकि दोबारा से विवाह की तैयारी न हो सके। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में न्यायालय से निषेधाज्ञा आदेश भी प्राप्त किया जाएगा ताकि बालिका की सुरक्षा सुनिश्चित रहे और भविष्य में ऐसी कोई भी जबरन या गुप्त वैवाहिक प्रक्रिया रोकी जा सके।

### भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई

**नरसिंहगढ़।** ग्राम भेसना गुरुकुल विद्या मंदिर में जन अभियान की नवांकुर संस्था समृद्ध शिक्षण संस्था महुआ द्वारा आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा के जिला मंत्री पिंकेश गुर्जर ने बताया कि जिस प्रकार भगवान बिरसा मुंडा द्वारा पर्यावरण सनातन धर्म एवं राष्ट्र के लिए जिस प्रकार का कार्य किया हम लोगों को भी उनसे प्रेरणा लेकर राष्ट्र के कार्य के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए। जो चुनौतियां समाज में है उनको किस प्रकार समाप्त किया जा सकता है चिंतन करने की आवश्यकता है। शासकीय एवं शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि के रूप में श्याम सुंदर विश्वकर्मा उच्चत्तर मा. वि. तथा स्वैच्छिक संगठन के प्रतिनिधि बाबूलाल यादव चैतन्य पब्लिक स्कूल खानपुरा मोई के संचालक ने भी बिरसामुंडा के जीवन पर प्रकाश डाला।

जन क्रांति न्याय यात्रा का दिखा व्यापक समर्थन

# आंदोलन की तैयारी को लेकर करणी सैनिकों ने किया शक्ति प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

हरदा में करणी सैनिकों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में करणी सेना द्वारा आयोजित जन क्रांति न्याय यात्रा की तैयारी को लेकर रविवार को नगर में करणी सैनिकों ने जबरदस्त शक्ति प्रदर्शन किया।

करणी सेवा प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर के नरसिंहगढ़ पहुंचने पर हजारों की संख्या में करणी सैनिक एकत्र हुए और नगर के प्रमुख मार्गों से विशाल जन क्रांति न्याय यात्रा निकाली । कार्यक्रम के दौरान यात्रा को विभिन्न स्थानों पर स्वागत द्वारों के माध्यम से रोककर जीवन सिंह का भव्य स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों, बैंड और जयकारों के साथ



करणी सैनिकों का उत्साह देखते ही बन रहा था।उल्लेखनीय है कि हरदा में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे करणी सैनिकों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में प्रदेशभर में करणी सेना द्वारा 21 दिसंबर को हरदा में विशाल जन क्रांति न्याय यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें प्रदेश के सभी जिलों से करणी सैनिक बड़ी संख्या में शामिल होंगे। नरसिंहगढ़ में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए जीवन सिंह शेरपुर ने कहा कि हमारी लड़ाई अन्याय के खिलाफ है। शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग रख रहे राजपूत युवाओं पर लाठीचार्ज करना लोकतांत्रिक मूल्यों पर धब्बा है।

करणी सेना न्याय और सम्मान के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी।उन्होंने कहा कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष के लिए नहीं बल्कि समाज के स्वाभिमान और न्याय के लिए है, और आगामी हरदा यात्रा करणी सेना की एकता और शक्ति का प्रतीक बनेगी। यात्रा के समापन पर संगठन के पदाधिकारियों ने आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की और अधिक से अधिक संख्या में हरदा पहुंचने का आह्वान किया।

# कांग्रेस का बूथ लेबल प्रशिक्षण संपन्न



**ब्यावरा।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस के ब्यावरा विधानसभा के बूथ लेबल एजेंटो का प्रशिक्षण आमल्याहाट एवं ब्यावरा मे सम्पन्न हुआ। इसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह, प्रशिक्षण प्रभारी प्रज्ञा फिलिप्स, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी,जिला पंचायत अध्यक्ष चन्दर सिंह, विधानसभा प्रभारी चंदर सिंह गुर्जर, पुनरिक्षण प्रभारी अशोक क्रांति ने सम्मिलित होकर पार्टी के बूथ लेवल एजेंटो को पूनरिक्षण के कार्यक्रम एवं नियमों से अवगत कराते हुए पुनरिक्षण की प्रक्रिया मे सम्मलित होकर मतदाताओ के सहयोग करने का आव्हान किया व प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए गहन निगरानी के निर्देश दिए। इसमें ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र यादव, मोहन लोदी, चेन सिंह गुर्जर, गोपाल बना, नपा उपाध्यक्ष अतुल जगताप एवं प्रदीप परमार शहर अध्यक्ष कपिल शिवहरे, सुरेन्द्र कुशवाह, महिला अध्यक्ष रचना भार्गव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमन अरोरा सहित विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथ लेबल एजेंट सम्मिलित हुए।

मंत्री पंवार के प्रयासों से ब्यावरा विधानसभा को बड़ी सौगात

घुरेल स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में 47 लाख से बनेगा सामुदायिक भवन

# 8 करोड़ 57 लाख रुपए के 35 सामुदायिक भवनों की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री और स्थानीय विधायक नारायण सिंह पंवार के निरंतर प्रयासों से ब्यावरा विधानसभा में विकास कार्यों को एक नई गति मिली है। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से 8 करोड़ 57 लाख रुपए की लागत से 35 सामुदायिक भवनों के निर्माण को शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। इन स्वीकृतियों में विशेष रूप से पवित्र तीर्थ स्थल घुरेल पहाड़ी स्थित ज्योतिर्लिंग पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में प्रस्तावित सामुदायिक भवन भी शामिल है, जो धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।

मंत्री पंवार ने इस महत्वपूर्ण मंजूरी के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और माननीय



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा"प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में आज मध्य प्रदेश में विकास कार्य अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रहे हैं। गांवों से लेकर शहरों तक जनसुविधाओं का विस्तार हो रहा है। ब्यावरा विधानसभा भी इसी विकास यात्रा का हिस्सा बनकर निरंतर प्रगति कर रही है। 8 करोड़ 57 लाख रुपए लागत के 35 सामुदायिक भवनों की स्वीकृति, विशेष रूप से घुरेल पहाड़ी स्थित ज्योतिर्लिंग पशुपतिनाथ मंदिर में सामुदायिक भवन की मंजूरी, क्षेत्र की जनता के लिए एक बड़ी सौगात है। यह भवन श्रद्धालुओं, सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों के लिए एक सशक्त सुविधा केंद्र सिद्ध होगा।"साथ ही मंत्री पंवार ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल का भी विशेष रूप से आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके मार्गदर्शन से क्षेत्र में जनकल्याणकारी कार्यों को निरंतर मजबूती मिल रही है। इन सामुदायिक भवनों के निर्माण के बाद क्षेत्र में सामाजिक आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामुदायिक बैठकों और स्थानीय आवश्यकताओं से जुड़े कार्य और अधिक सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सकेंगे।